तापमान
अधिकतम 23.9 डिग्री
न्यूनतम 2.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 29 दिसंबर 2025

12 कांग्रेस देश की सबसे पुरानी लोकतांत्रिक पार्टी



12 हरियाणवी व पंजाबी डांस पर नन्हे बच्चों ने मचाई धूम



## खबर संक्षेप

### आर्म्स एक्ट में 87 आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चालू वर्ष में अभी तक आर्म्स एक्ट के 63 अभियोग दर्ज कर 87 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे 62 अवैध देसी पिस्तौल, 24 जिंदा रौंद व 2 मैग्जीन बरामद की हैं। पुलिस ने अवैध हथियारों सहित आरोपियों को पकड़ने के साथ ही हथियारों की सप्लाई की चेन को भी तोड़ने में कामयाबी हासिल की है। वहीं, वर्ष 2024 में आर्म्स एक्ट में 92 अभियोग दर्ज कर 131 आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे 82 अवैध देसी पिस्तौल, 19 जिंदा रौंद व 1 मैग्जीन बरामद की गई थी।

### महिला के साथ ठगी का सात माह बाद केस दर्ज

**पानीपत।** खादी कॉलोनी निवासी विशाखा रानी ने पुलिस और सीएम विंडो को दी शिकायत में बताया कि 24 मई को उनके इंडसइंड बैंक खाते से अचानक एक लाख रुपए कट गए। उन्होंने कहा कि उन्होंने न तो किसी को ओटीपी साझा किया और न ही कोई संदिग्ध लिंक क्लिक किया था। इधर, विशाखा का आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने उनकी मदद करने के बजाय यह कहकर टाल दिया कि उनका फोन हैक हो गया है।

### सड़क हादसे में पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत

**शाहबाद।** रविवार सुबह घनी धुंध और कोहरे के कारण शाहाबाद बराड़ा रोड पर अनाज मंडी गेट के पास एक दर्दनाक सडक हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने सडक पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सतपाल 45 वर्षीय निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह इन दिनों गांव पाडलू में एक किसान के यहां फसलों की देखरेख का कार्य कर रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 व शहरी चौंकी से जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी अस्पताल, कुरुक्षेत्र भेज दिया गया।

### तीन वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए-नारायणगढ ने धोखाधड़ी के मामले में संलिप्त लगभग 3 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी संदीप को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी गुरबीर सिंह ने दौराने पुछताछ बताया था कि आरोपी संदीप भी इस मामलें में संलिप्त है। इस मामले में अब तक 04 आरोपियों के गिरफ्तार किया जा चुका है। मौजगढ़ के गुरचरण सिंह ने 15 अप्रैल 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अप्रैल 2022 से 23 फरवरी 2023 के दौरान आरोपी गुरबीर सिंह व अन्य ने उसके पुत्रों को अवैध तरीके से विदेश भेजने के मामले में धोखाधड़ी कर जान से मारने की धमकी देते हुए उनकी जान जोखिम में डालने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सिक्योरिटी देना या वापस लेना कोई तमाशा नहीं

**करनाल।** जिले के मधुबन स्थित पुलिस अकादमी में आयोजित अधिकारियों की बैठक के बाद हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी व्यक्ति को सिक्योरिटी देना या वापस लेना कोई तमाशा नहीं है। यह पूरी तरह इंटेलिजेंस इनपुट, खतरे के आकलन और फील्ड रिपोर्ट के आधार पर किया जाता है। जिन लोगों को वास्तविक खतरा है, उन्हें पूरा सिक्योरिटी कवर दिया जाता है, लेकिन शौकिया तौर पर पुलिस पीछे लगवाने की मानसिकता को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला स्तर पर एसपी द्वारा पहले खतरे का आकलन किया जाता है।

## सीएम ने पिपली में सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात 'कार्यक्रम

# विकसित भारत के विजन और तरक्की को देख पूरी दुनिया की नजर भारत पर : नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन और भारत करे तरक्की की राह पर तेजी के साथ आगे बढ़ता देखकर पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए विजन को एक नई उम्मीद और आशा के साथ देख रही है। इस युवा भारत में विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां, नए-नए आविष्कारों से दुनियाभर के काफी देश प्रभावित हैं।

- कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी बढ़ रही

इस देश की युवा पीढ़ी में नया करने का जुनून स्पष्ट नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पिपली अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129 वें एपिसोड को सुन रहे थे। इस मन की बात कार्यक्रम में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मौके पर पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें अधिकारियों के पास भेजकर समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी दिन यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के युवाओं द्वारा इनोवेशन, फिटनेश, स्टार्टअप व एग्रीकल्चर जैसी विषयों पर आइडिया शेयर किए जाएंगे, जो देश को विकसित भारत बनाने में मद्ददद करेंगे। इस कार्यक्रम में हमारे युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को प्रेरणा देने के लिए देश के अलग-अलग कोने में समाजहित व देशहित में काम करने वाले लोगों की जानकारी साझा करते हैं, जो अन्य प्रदेश के नागरिक भी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते हैं। ये कार्यक्रम युवाओं में काम करने का जज्बा पैदा करते हैं। अब तक हुए मन की बात कार्यक्रम से सैकड़ों युवाओं ने अपना कार्य शुरू किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महीने के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के लोगों के जुड़ते हैं। इस दौरान देश के अलग-अलग कोने में समाजहित व देशहित में कार्य करने वाले लोगों से रूबरू करवाते हैं। इस बार यह कार्यक्रम वर्ष 2025 का अंतिम कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आने वाले नववर्ष की शुभकामनाएं दी और वर्षभर में हुई लपब्धियों से देशवासियों को अवगत करवाया।



**कुरुक्षेत्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य।

### ये रहे उपस्थित

*इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जगदीश सिंह झींडा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, एएसपी प्रतीक गहलोत, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, महिला जिला अध्यक्ष वंदना गोरी, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सरपंच एसोसिएशन प्रदेश प्रधान जितेंद्र खैरा, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, चेयरमैन सुरेंद्र सैनी कूक्कू, सैनी समाज के प्रधान गुरनाम सैनी, धर्मपाल, अमीर चंद, चेयरमैन सतीश मथाना, मार्किट कमेटी के सचिव गुरमीत सैनी, भाजपा नेत्री परमजीत कौर कश्यप, हरमेश सिंह सैनी,अन्नू माल्यान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

## सीएम ने चखा गुरु का लंगर

# आत्मसम्मान की रक्षा के लिए श्री गुरु गोबिंद सिंह ने वारा सर्ववंश



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्म, सत्य और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए श्रीगोबिंद सिंह जी ने अपना पूरा परिवार न्यौछावर कर दिया। इस धरा पर ताउम्र इतिहास के पन्नों पर साहिबजादों के अद्वितीय अमर बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अमर बलिदान से समाज के लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को शाहबाद के गांव शरीफगढ़ और पिपली के निकट गांव रामगढ़ में सिख संगत द्वारा लगाए गए लंगर में प्रसाद ग्रहण करने के लिए अपने काफिले को रूकवाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सबसे पहले साहिबजादों को शीश झुकाकर नमन किया और सिख संगत से बातचीत की, सिख संगत में शामिल नन्हें-नन्हें बच्चों को प्यार किया और गुरू के लंगर को ग्रहण किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संगत के साथ अपने मन की बात को सांझा किया और सिख संगत के साथ विचार विमर्श सांझा करते हुए कहा कि इतिहास के सबसे करुण और प्रेरक अध्यायों में दर्ज साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण किया जाएगा। आज पूरा देश धर्म, सत्य और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों—बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के अल्पायु में ही सर्वोच्च बलिदान को याद कर रहा है और जगह जगह लंगर लगाकर सेवा कर रहे है। आज छोटे साहिबजादों को स्मरण करने और भावी पीढ़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का समय है। उन्होंने कहा कि वीरता केवल युद्ध भूमि में नहीं, बल्कि सत्य और विश्वास पर अडिग रहने में भी निहित होती है। साहिबजादों का बलिदान आज भी समाज को यह संदेश देता है कि उम्र नहीं, बल्कि संकल्प ही इतिहास रचता है। जो नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक मूल्यों, नैतिक साहस और मानवीय गरिमा से जोड़ने का कार्य करती है।

# घने कोहरे में नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा टला, पांच वाहन आपस में भिड़े

- अचानक ब्रेक लगने से चार वोल्वो बसें और एक स्कॉर्पियो टकराईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के करनाल जिले में घने कोहरे के चलते नेशनल हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। कम दृश्यता के कारण अचानक ब्रेक लगने से एक के बाद एक वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में चार वोल्वो बसें और एक स्कॉर्पियो गाड़ी शामिल रही। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी वाहन आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि वे एचआरटीसी की बसों में सो रहे थे। अचानक जोरदार झटका लगा, जिससे उनकी नींद खुल गई। बाहर देखा तो पता चला कि बसों का एक्सीडेंट हो चुका है। यात्रियों ने बताया कि कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी और आगे किसी वाहन के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रही बसों को संभलने का मौका नहीं मिला। एक बस आगे चल रही थी, जिसके पीछे चार वोल्वो बसें और अन्य वाहन आ रहे थे। इसी दौरान आगे किसी वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए। घने कोहरे के कारण पीछे से आ रही बसें समय पर रुक नहीं सकीं और चारों वोल्वो बसें आपस में टकरा गईं। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी हादसे की चपेट में आ गई। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और डायल-112 की टीमें मौके पर पहुंचीं। क्षतिग्रस्त बसों और स्कॉर्पियो को क्रेन की सहायता से सड़क से किनारे कराया गया।



करनाल। कोहरे के कारण हाईवे पर आपस में टकराई वोल्वो बसे।

### नकदी और सोना लेकर भागा चोर, पुलिस मोहल्लावासियों ने दबोचा

**शाहबाद।** शहर के मौहल्ला सुभाष नगर में रविवार सुबह एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई लेकिन सतर्कता और सामूहिक प्रयास से चोर को चोरी के सामान सहित पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे गोपाल दास व दया रानी सत्संग में गये हुए थे। इसी दौरान एक अज्ञात चोर घर में घुसा और अलमारी से 50 हजार रुपये नकद व करीब ढाई तोला सोना चुरा लिया। जब चोर चोरी कर बाहर निकल रहा था तो सौभाग्यवंश मकान मालकिन दया रानी गेट पर पहुंच गयी और महिला ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन चोर उन्हें धक्का देकर दूसरी गली की ओर फरार हो गया। महिला के शोर मचाने पर मौहल्लावासी एकत्रित हो गए।

# साहिबजादों के बलिदान को युगों युगों तक रखा जाएगा याद : अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि इतिहास में सिख धर्म जैसी कोई मिसाल नहीं है जिसने धर्म व हिंदुस्तान को बचाने के लिए इतनी बड़ी शहादतें दी। यदि वो शहादतें न देते तो शायद न हिंदु होते और न ही हिंदुस्तान होता। उन्होंने शहादता देकर हिंदुस्तान को बचाया, धर्म को बचाया।

धर्म के लिए चारों साहिबजादों ने अपनी कुर्बानियां दी, दो साहिबजादों की मुगलों से युद्ध में लड़ते हुए शहादत हुई और दो नन्हें साहिबजादों को जिंदा दीवारों में चिनवा दिया गया। साहिबजादों ने शहादत देना मंजूर कर लिया, मगर धर्म बदलना मंजूर नहीं किया। विश्व में यह सबसे बड़ी शहादत थी जो धर्म की रक्षा के लिए दी गई।

विज रविवार को अंबाला छावनी सिविल अस्पताल के समक्ष चारों साहिबजादों की शहीदी की याद में लगाए गए लंगर सेवा में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साहिबजादों की भांति गुरू तेग बहादुर ने भी अपनी शहादत दी थी। धर्म के लिए उनका योगदान युगों-युगों तक अमर रहेगा।





अंबाला। साहिबजादों को नमन करते मंत्री अनिल विज।

### एलसीएलओ कर्मियों ने सीएम आवास घेराव किया स्थगित

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी के आश्वासन के बाद एलएसएलओ यूनियन ने सीएम आवास घेराव स्थगित दिया। 30 दिसम्बर को प्रशासन के साथ मीटिंग होगी। एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना 101वें दिन में प्रवेश कर गया वहीं क्रमिक अनशन 91वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ यूनियन प्रधान रीतू नैन सोनीपत ने की व संचालन नसीम अहमद ने की। धरने पर बैठे ओमप्रकाश जिला प्रधान रिटायर्ड कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व सर्व कर्मचारी संघ के जिला कैशियर रावल गुप्ता ने माला पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया। सीटू जिला संयोजक रानी, एलसीएलओ राज्य प्रधान पवन डांगर ने बताया कि आज एलसीएलओ को दिन रात का धरने चलाते हुए 101 दिन हो गए हैं लेकिन सरकार ने अभी तक कोई समाधान नहीं किया है जिस को लेकर आज सीएम आवास पर आक्रोश प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया था परन्तु प्रशासन ने सीएम कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी के साथ मीटिंग फिक्स कराई और 30 दिसम्बर को चंडीगढ़ में मीटिंग फिक्स कराई।

### पहले पति ने दम तोड़ा, फिर पत्नी ने प्राण त्यागे

**अंबाला।** महज दस मिनट में पति-पत्नी ने दम तोड़ दिया। पहले पति की जान गई। पति की लाश से लिपटकर रो रही पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। घर में दोनों ही रहते थे। बेटी की शादी हो चुकी है जबकि बेटा गुरुग्राम में एक कंपनी में मैनेजर है। रविवार को दोनों की एक साथ अंतिम विदाई दी गई। बताया जा रहा है कि 75 वर्षीय वीरेंद्र नाथ जैन की तबीयत कुछ दिन से खराब चल रही थी। शुक्रवार को अस्पताल में दिखाकर घर लौटे थे। शनिवार दोपहर में अचानक वीरेंद्र नाथ की तबीयत बिगड़ने लगी। वे संभल नहीं पाए। पति के शरीर में हलचल नहीं हुई तो आशा रानी उनसे लिपटकर रोने लगी। 10 मिनट बाद दोनों की मौत हो गई। जांच के बाद चिकित्सकों को मृत घोषित कर दिया गया। पड़ोसियों ने बताया कि वीरेंद्र नाथ जैन देसी क्लिनिक में काम करते थे। लोग उन्हें सम्मान से डॉक्टर कहते थे। वह अकसर सर्दियों में बीमार हो जाते थे। उन्हें शुगर की भी शिकायत थी। इस बार भी सर्दी शुरू होते ही उनकी दिक्कत बढ़ गई थी। एक दिन पहले ही डॉक्टर को दिखाया था। बताया जा रहा कि दोपहर में करीब 2 बजे अचानक वीरेंद्र नाथ के शरीर में हलचल बंद हो गई। पत्नी आशा दौड़ी हुई आईं और पति के साथ लिपटकर जोर-जोर से रोने लगी। 10 मिनट बाद ही उनके भी प्राण निकल गए। उस वक्त उनका कोई अपना पास नहीं था।

### अध्यापक संघ ने कृषि मंत्री राणा को सौंपा ज्ञापन

**रादौर।** राजकीय अध्यापक संघ-70 (संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ) के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा टीचर्स ऑनलाइन ट्रान्सफर पालिसी-2025 में संशोधन किए जाने की मांग को लेकर रविवार को रादौर में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को उनके निवास स्थान पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के राज्य चेयरमैन यशपाल ढांडा व जिला अध्यक्ष अनिल कांबोज ने किया। संघ के प्रांतीय चेयरमैन यशपाल ढ़ांडा ने बताया कि मांग पत्र में विभाग द्वारा जारी नई ट्रांसफर पॉलिसी में संशोधन किए जाने, ब्लॉक में 15 वर्ष पूरे करने वाले शिक्षकों अनिवार्यता शर्त को तुरंत हटाए जाने, खंड प्रतापनगर को शिक्षा खंड घोषित किए जाने, स्थानांतरण के समय किसी भी विषय के पदों को कैप्ट न रखे जाने आदि मांग की गई है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में 15 वर्ष पूरे करने वाले शिक्षकों का अनिवार्य स्थानांतरण अव्यवहारिक व असंवैधानिक है। इससे दूर दराज के अधिकांश स्कूल अध्यापक रहित हो जाएंगे। क्योंकि पहले से ही अनेक स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है।

## मौसम में ठंडक बढ़ने से न्यूनतम तापमान घटकर पहुंचा 6 डिग्री सेल्सियस

# ठंड में ठिठकी जीवन की रफ्तार, काम-धंधे हुए प्रभावित

- एक सप्ताह से जिले में सुबह से दोपहर तक छाया रहा घना कोहरा और चल रही है शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्ष 2025 को बीतने में अब मात्र दो दिन शेष बचे हैं। मगर इस वर्ष के दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में लोगों को रोजाना सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि सुबह से लेकर शाम तक सूर्यदेव के या तो दर्शन नहीं हो रहे हैं या फिर दिन भर में एक या दो घंटे के लिए हल्की धूप निकल रही है। जिससे लोगों के कामधंधे प्रभावित हो रहे हैं। रविवार को भी जिले में दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बनी रही। रविवार तड़के तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया और शीतलर चलनी शुरु हो गई। दोपहर तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा। जिससे लोग घरों में दुबके रहे। खास बात यह रही कि रविवार होने के कारण स्कूलों व सरकारी कार्यालयों की छुट्टी होने से बच्चे व सरकारी कर्मचारी अपने घरों में ही दुबके रहे। जबकि प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को ठंड में ठिठुरते हुए अपने काम पर पहुंचना पड़ा। रविवार को तड़के तीन बजे से दोपहर बारह बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिससे सड़कों पर वाहन लाइटें जलाकर धीमी गति से चलते रहे। आलम यह रहा कि वाहन चालकों को पांच फूट की दूरी तक भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। दूरदर्शिता कम होने की वजह से कई वाहन चालक सड़कों के किनारे खाली स्थानों पर अपने वाहनों को खड़ा करके कोहरा छंटने की इंतजार करते दिखाई दिए। जिससे उन्हें अपने गंतव्य पर पहुंचने पर कई कई घंटे देरी से पहुंचना पड़ा। उधर, बसों व ट्रेनों भी अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



**यमुनानगर।** सड़कों पर छाए कोहरे में लाइटें जलाकर वाहन चलाते चालक।

### बच्चे होने लगे निमोनिया के शिकार

*पिछले कई दिन से आसमान में छाए धुंध के बादलों व शीतलहर चलने से अधिकांश बच्चे निमोनिया, खांसी और बुखार की चपेट में आने लगे हैं। बच्चों के अस्पतालों में छोटे बीमार बच्चों की संख्या बढ़ रही है। रविवार को जिले का न्यूनतम तापमान घटकर 6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले जिले का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के सूत्रों की मानें तो अगले कुछ दिनों में तामपान और घटने की आशंका है।*

### किशोर के साथ युवकों ने किया सामूहिक कुकर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कालोनी निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके 15 वर्षीय भाई ने उसे बताया कि कॉलोनी के ही कार्तिक कुमार, जनक कुमार, मानव वर्मा व पंकज कुमार ने गत 26 अक्टूबर को उसे हुक्का पीने के बहाने से अपने पास बुलाया। जब वह आरोपियों के पास गया तो आरोपियों ने उसके साथ बारी-बारी से कुकर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। इसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब दो माह से उसके साथ गलत काम कर रहे हैं। युवक ने बताया कि जब उसे इस बारे पता चला तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने मामले की पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुना

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 129वें मन की बात कार्यक्रम को रविवार को जिले भर में विभिन्न शक्ति केंद्रों पर सुना गया। इसी श्रृंखला में मेयर सुमन बहमनी ने भाटिया नगर शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 76 सामुदायिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता राम निवास गर्ग, ममता सेन व बिट्टू ओबरॉय आदि के साथ सुना। मेयर सुमन बहमनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम ही नहीं है। बल्कि यह देशवासियों को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री के विचार समाज के हर वर्ग को सकारात्मक सोच, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प आज जन जन का संकल्प बन चुका है। मेयर ने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश हमें यह स्मरण कराते हैं कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है।

### गुरु के वचन सदैव होते हैं कल्याणकारीः भारती

**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को गुरु वचनों के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से गुरु व प्रभु की महिमा का गुणगान किया। साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि गुरु वचनों को समझने से पहले हमें गुरु के महत्व को समझना अति आवश्यक है। गुरु परमात्मा की वह साकार मूरत है जो जीव कल्याण हेतु समय समय पर अवतरित होते हैं। साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि गुरू कोई हमारे जैसा दिखने वाला केवल साधारण मनुष्य नहीं होता है। बल्कि अज्ञानता के कारण भूले भटके संपूर्ण मानव समाज को सत्य एवं धर्म का मार्ग दिखाने के लिए स्वयं परम पिता परमात्मा हमारे जैसा बनकर आता है।

*पार्किंग स्थल नहीं बनने से नगर में यातायात व्यवस्था नहीं सुधर पाई*

# नगरवासी ट्विन सिटी में पार्किंग स्थल बनने की बाट जोहते रहे ,कई बार बनी प्लानिंग धरातल पर नहीं उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

वर्ष 2025 बीतने में अब मात्र तीन दिन शेष बचे हैं। मगर इस वर्ष में भी ट्विन सिटी (यमुनानगर-जगाधरी) में पार्किंग स्थल बनाए जाने की योजना सीरे नहीं चढ़ सकी है। पूरा वर्ष पार्किंग स्थल बनाए जाने को लेकर जगह की तलाश में सर्वे ही होते रहे। योजना के मुताबिक ट्विन सिटी में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पार्किंग स्थल बनाया जाना था। मगर ऐसा नहीं हो सका। यमुनानगर



यमुनानगर। पार्किंग स्थल न होने से बाजारों में जाम की स्थिति में चलते हुए दिखाई देते वाहन।

और जगाधरी के किसी भी बाजार में पार्किंग स्थल नहीं है। वाहन चालकों का जहां पर मन करता है वहीं पर वाहनों को पार्किंग कर देते हैं। इससे सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। हालांकि नगर निगम अधिकारियों की ओर से कई बार प्लानिंग तैयार की गई कि शहर में कहीं पर पार्किंग स्थल बनाया जाए। लेकिन इस योजना को आज तक धरातल नहीं मिल पाया। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन ने कई जगह पर नो पार्किंग जोन भी घोषित कर रखा है और सड़क पर वाइट पट्टी लगाकर आड़े तिरछे वाहन खड़े रहते हैं।

#### जाम बना रहता है आम

ट्विन सिटी में लगातार आबादी बढ़ रही है। वाहनों का दबाव भी दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। लेकिन उन्हें व्यवस्थित ढंग से पार्किंग करने के लिए पार्किंग स्थल कहीं नहीं बनाया गया। करीब डेढ़ दशक में शहर में करीब साढ़े तीन लाख से अधिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। पार्किंग व्यवस्था न होने से शहर की सड़कें लगातार जाम की जद में हैं। शहर में ऐसी कोई भी मुख्य सड़क नहीं होगी जिस पर जाम या वाहन रेंगते न हो। सुबह शाम सड़कों पर वाहनों की कतारें लगी रहती हैं। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल बनाए जाने पर लोगों को राहत मिलेगी।

#### वाणिज्य संस्थानों में भी नहीं है पार्किंग व्यवस्था

शहर में वाणिज्यिक स्थलों के सामने हालात काफी खराब देखे जा सकते हैं। पार्किंग की व्यवस्था न नगर निगम की ओर से है और न ही ऐसे संस्थानों की अपनी कोई पार्किंग है। ऐसे संस्थानों की संख्या कम नहीं है जो मुख्य मार्गों पर बने हुए हैं। इन संस्थानों में वाहनों की आवाजाही दिन भर लगी रहती है। लोग सड़कों पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं और कई-कई घंटे तक पीछे मुड़कर नहीं देखते। बैंकों के पास भी अपनी पार्किंग व्यवस्था नहीं है। बैंकों में आने वाले ग्राहक भी सड़कों पर ही अपना वाहन खड़ा कर देते हैं जिसके कारण पहले से संकरी सड़कें और भी संकरी हो रही हैं।

#### पार्किंग स्थल बनाए जाने के किए जा रहे हैं प्रयास

नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ डिप्टी मेयर पवन बिट्टू का कहना है कि ट्विन सिटी में पार्किंग स्थल बनाए जाने की योजना है। जिसे बनाए जाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### रिपेयर करवाने के लिए कोई जनप्रतिनिधि आगे नहीं आया

# नाचरौन से महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती मार्ग क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण परेशान

*वर्ष 2004 में तत्कालीन इनेलो सरकार ने मार्ग का करवाया था निर्माण*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन-महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती वाया शमशान घाट मार्ग के लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ा होने से ग्रामीण परेशान हैं। मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे बनने व क्षतिग्रस्त हालत होने से जहां वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं, वहीं, पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती व नाचरौन के ग्रामीणों समेत किसानों ने सरकार से मार्ग को तुरंत दुरुस्त करवाए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के प्रेम सिंह, समाजसेवी डॉ.लाभ सिंह, पवन कुमार, कुलदीप सिंह, गुलाब सिंह, बिट्टू, दिलीप सिंह, रमेश कुमार व रविंद्र सिंह आदि ने बताया कि वर्ष 2004 में तत्कालीन इनेलो सरकार द्वारा प्रदेश भर के श्मशान घाटों के पक्के रास्ते बनवाए गए थे। उस समय गांव नाचरौन के श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए करीब एक किलोमीट के रास्ते का इनेलो सरकार द्वारा निर्माण करवाया गया था। मगर इसके बाद आज तक मार्ग की दोबारा रिपेयर करवाने के लिए कोई जनप्रतिनिधि अथवा सरकार आगे नहीं आई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2007 में पूर्व कांग्रेस सरकार ने इस मार्ग पर पंचायती भूमि में जरुरतमंदो को सौ सौ गज के प्लाट आबंटित करके महात्मा ग्रामीण बस्ती बसाई गई और मार्ग को बस्ती तक पक्का कर दिया गया। मगर इसके बाद से लेकर अब तक मार्ग की दोबारा रिपेयर नहीं करवाई गई। करीब दो वर्ष पहले मार्ग की खुदाई करवाकर उसके बीचों बीच महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में पेयजल की सुविधा के लिए पाइप लाइन बिछाई गई। पाइप लाइन बिछाई जाने के बाद मार्ग को दुरुस्त नहीं करवाया गया और तब से लेकर अब तक मार्ग की हालत क्षतिग्रस्त पड़ी है। आजकल सर्दी का मौसम चल रहा है। रात्रि के समय धुंध का कहर बरप रहा है। ऐसे में लोगों का मार्ग पर चलना मुहाल हो गया है। वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि लोगों का पैदल चलना भी मुहाल हो गया है। इस संबंध में ग्रामीणों व पंचायत ने कई बार संबंधित विभाग व प्रशासन को लिखित व मौखिक रुप से अवगत करवाया गया। मगर मार्ग की हालत जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने सरकार व प्रशासन से मार्ग को जल्द दुरूस्त करवाए जाने की मांग की।



यमुनानगर। गांव नाचौरन से महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती के क्षतिग्रस्त मार्ग की हालत को दिखाते हुए ग्रामीण।



यमुनानगर। रादौर स्थित पश्चिमी यमुना पर बने पक्का घाट के आसपास पड़ी गंदगी साफ सफाई करते हुए क्लब के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## प्राचीन पक्का घाट रादौर पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब रादौर के सदस्यों ने कड़ाके की ठंड के कस्बा के प्राचीन एवं ऐतिहासिक पक्का घाट पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने पक्का घाट पर साफ सफाई कर कूड़ा कर्कट को उठाकर डंबिंग जोन में डाला गया और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर नपा के सफाई कर्मचारियों ने भी सहयोग किया।

क्लब के सचिव भारत माटिया व पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी ने बताया कि कस्बा के पश्चिमी यमुना के किनारे बने प्राचीन एवं ऐतिहासिक पक्का घाट पर श्रद्धालु त्योहारों व विशेष आयोजन पर पूजा पाठ करने पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालु अपने साथ काफी संख्या में पॉलिथीन व अन्य सामग्री लेकर पहुंचते हैं। जो पूजा अर्चना के बाद भारी मात्रा में गंदगी घाट पर छोड़ जाते हैं। जिससे वातावरण दूषित होता है और पश्चिमी यमुना में भी भारी मात्रा में गंदगी फैलती है। स्थानीय लोग इसको लेकर जागरूक नहीं हैं। जिससे कस्बा के करीब 185 वर्ष पुराना पक्का घाट के आसपास का वातावरण दूषित होता है। उन्होंने बताया कि नपा द्वारा लाखों रुपये खर्च करके घाट को पक्का किया गया था। ताकि श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। मगर पक्का घाट पर जिस प्रकार लोग धार्मिक आयोजनो के दौरान व हर रोज अपने घरों का कूड़ा कर्कट घाट पर डाल रहे हैं। उससे घाट की सुदंरता को जहां ग्रहण लग रहा है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की हमीदा पुलिस चौकी की टीम ने युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी पुराना हमीदा निवासी फरमान से दोस्ती हो गई। आरोपी से फोन पर बात होने लगी। इस बीच आरोपी ने शादी का प्रस्ताव रख दिया। आरोपी ने एक फरवरी 2024 को फरमान ने मिलने बुलाया और शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद फरमान अक्टूबर 2025 तक शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। बाद में आरोपी पर शादी का दबाव बनाया तो उसने मना कर दिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर किया गया।

## ज्ञान केवल तथ्यों तक सीमित नहीं : ललित

- सीबीएसई द्वारा होली मदर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



सीबीएसई द्वारा होली मदर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए ज्ञान का सिद्धांत विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षक के रुप में एसडी माडल स्कूल के पीजीटी ललित बिष्ट व टीजीटी शीतल सेठ ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने की। प्रशिक्षक ललित बिष्ट ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य शिक्षकों की वैचारिक समझ को सुदृढ़ करना तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना रहा। उन्होंने ज्ञान का सिद्धांत की अवधारणा को सरल, रोचक एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ज्ञान केवल तथ्यों तक सीमित नहीं है। बल्कि सोचने, प्रश्न करने और अनुभव से सीखने की प्रक्रिया है। वहीं, दूसरे प्रशिक्षक टीजीटी शीतल सेठ ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान अनेक गतिविधियां करवाई गईं। जिनमें रोल प्ले, समूह चर्चा, केस स्टडी, चिंतनात्मक अभ्यास, प्रस्तुतीकरण तथा अनुभव सांझा करना शामिल रहा।

इन गतिविधियों ने शिक्षकों को सक्रिय सहभागिता का अवसर दिया और कक्षा शिक्षण में नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागी शिक्षकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन और जिज्ञासा विकसित करने के नए दृष्टिकोण प्राप्त हुआ है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने बताया कि शिक्षक किसी भी शिक्षा प्रणाली की रीढ़ होते हैं।

## खुदकुशी मामले में ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव इस्लामनगर में एक दिन पहले महिला द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लेकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने मृतका के पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार गांव तुगलपुर निवासी दलबीर सिंह ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने 34 वर्षीय बेटी पिंकी देवी की शादी गांव इस्लामनगर निवासी राजेश कुमार के साथ की थी। शादी के बाद से आरोपी राजेश कुमार, ससुर चूडाराम, सास राजदुलारी, जेठ रामकुमार तथा जेठानी सुषमा उसकी बेटी को दहेज के लिए परेशान करते थे। दलबीर सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को शाम पांच बजे उन्हें सूचना मिली थी कि उसकी बेटी पिंकी देवी की तबीयत खराब है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। इस दौरान उसकी बेटी के गले में निशान थे।

## खिलाड़ियों को क्रिकेट व वॉलीबाल किट दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद नवीन जिंदल भरपूर सहयोग दे रहे है। इस प्रयास के चलते रविवार को सांसद नवीन जिंदल द्वारा रादौर के गांव बापा-सढ़ूरा व वर्कशॉप जगाधरी में युवाओं को क्रिकेट व वालीबाल किट वितरित की गई। उक्त जानकारी सांसद के रादौर प्रभारी सोनी कुमार ने दी। सांसद नवीन जिंदल के रादौर प्रभारी सोनी कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की ओर से खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को खेलों से जोड़ा जा रहा है। उनका यह प्रयास है कि युवा नशे को छोड़कर खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ सके।

सोनी ने बताया कि युवा देश का भविष्य है। यदि युवा नशे में डूब गया तो देश अपने आप खत्म हो जायेगा। युवाओं को खेलो की ओर मोडने के उद्देश्य से युवाओं में क्रिकेट व वॉलीबाल किट प्रदान की गई है। वहीं सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ियों को एक मंच देने का काम कर रहे है।



यमुनानगर। जगाधरी वर्कशाप में युवाओं को क्रिकेट व वॉलीबॉल की किट प्रदान करते सोनी कुमार व अन्य।

## हर वर्ग के क्रांतिकारियों ने दिया बलिदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के निर्माणाधीन स्टेडियम में रविवार को स्थानीय पहलवानों ने शिरोमणि शहीद उधम सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।

कुश्ती दंगल का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमेश कांबोज बुबका ने पहलवानों की हत्था जोड़ी करवाकर किया। कुश्ती दंगल के आयोजक पहलवान संजीव अलाहर ने मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान पहलवानों ने कुश्ती दंगल में अपनी ताकत के जौहर दिखाए। कुश्ती जीतने वाले पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि उमेश कांबोज बुबका ने कहा किभारत शहीदो का देश है। देश की आजादी के लिए हर वर्ग के क्रांतिकारियों ने अपने प्राण दिए हैं। जिससे देश को आजादी मिली है। हमें शहीदो के बताए मार्ग पर चलकर देशहित में कार्य करें।



यमुनानगर। रादौर मे आयोजित दंगल में मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पवन, मुकेश, कूड़ा राम, शमशेर, राजेश, अनीश, हरि सिंह व सुरेश आदि मौजूद रहे।

**वीर बाल दिवस** | गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में वीर बाल दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित

## शहीदों की विरासत को संभालकर रखना बेहद जरूरीः भल्ला

- स्लोगन लेखन में बीए प्रथम वर्ष का छात्र गगनदीप प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया द्वितीय व बीए अंतिम वर्ष का छात्र आशीष ने तृतीय रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा हायर एजुकेशन विभाग के निर्देशों पर गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के सांस्कृतिक सेल द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों की शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन कर छोटे साहिबजादों की शहादत की शौर्य गाथा को दर्शाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला व वाइस प्रिंसीपल डॉ. प्रतिमा शर्मा ने की।



यमुनानगर के गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में स्लोगन लेखन में विजेता बने विद्यार्थी अपने स्लोगन दिखाते हुए।

कॉलेज की वाइस प्रिंसीपल डॉ. प्रतिमा शर्मा ने बताया कि स्लोगन लेखन में बीए प्रथम वर्ष के छात्र गगनदीप ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया ने द्वितीय व बीए अंतिम वर्ष के छात्र आशीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने विजेताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी राष्ट्रीय विरासत से जोड़े रखने की एक कोशिश है। किसी भी देश और जाति के लिए अपने शहीदों की विरासत को संभालकर रखना बहुत जरूरी है। कॉलेज के सांस्कृतिक सेल के समन्वयक एवं पंजाबी विभाग के प्रभारी डॉ. तिलक राज ने कहा कि साहिबजादों की शहादत दुनिया में इंसानियत के मूल्यों को जिंदा रखने के लिए दी गई सबसे अच्छी शहादत है। इन शहादतों के बाद देश पर शहादतों का ऐसा असर हुआ कि देशवासियों को हर तरह की गुलामी के खिलाफ संघर्ष करने की जरूरत महसूस हुई। इस कार्यक्रम को असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा ने सफलता पूर्वक आयोजित किया। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग लेकर अपने देश और राष्ट्र की विरासत को फैलाते रहने के लिए प्रेरित किया।

## चोरों ने सूने घर से नगदी और आभूषण चुराए, केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

कस्बा व्यासपुर से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 20 हजार रुपए की नगदी तथा हजारों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार व्यासपुर निवासी शांति देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक दिसंबर को परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गई थी। 27 दिसंबर को जब वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 20 हजार रुपए की नगदी, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का मांग टीका, एक जोड़ी सोने की बाली, बाथरूम की टूंटीयां व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**

## स्नैचिंग की वारदात का खुलासा, आरोपी दबोचा

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने स्नैचिंग की एक गंभीर वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन, कुछ नगदी तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि पुत्र कर्मवीर, निवासी पीर बडौली, करनाल को रकबा बस्ताडा क्षेत्र से काबू किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। अनुसंधान अधिकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महिला ने बताया था कि 1 नवंबर सामान खरीदकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ स्नैचिंग की ।

## श्री राम मंदिर में भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में शिव स्तुति का आयोजन श्रद्धा भाव से किया गया। मुख्य यजमान दिनेश वर्मा और सरला वर्मा रहे। भोलेनाथ का पंचामृत से अभिषेक कर फूलों से श्रृंगार किया गया। पंचाक्षरी मंत्रों का सामूहिक पाठ हुआ। भजन गायन में वीना सेठ, संगीता बतरा और सुशील मदान ने भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। सायंकाल श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। पंडित अनिल द्विवेदी ने विधिपूर्वक पूजन संपन्न कराया।

### प्रदेशभर से हजारों विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

# जाट सेवक संघ की प्रतिभा खोज परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न

**प्रदेश के 10 जिलों में शांतिपूर्वक हुई ओएमआर आधारित परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जाट सेवक संघ द्वारा जाट समाज के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संघ के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि ओएमआर शीट आधारित इस परीक्षा में हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का संचालन प्रदेश के विभिन्न जिलों हिसार, भिवानी, कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, फरीदाबाद, कैथल, रोहतक, जींद, सिरसा व सोनीपत में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सुचारू एवं शांतिपूर्वक तरीके से किया गया। परीक्षा में कुल 60 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए तथा समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक निर्धारित रहा। संघ द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगिता में पहले सात विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही भाग लेने वाले पहले 50 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में से 10 जरूरतमंद विद्यार्थियों की आगे की दो वर्ष की शिक्षा का संपूर्ण खर्च जाट सेवक संघ द्वारा वहन किया जाएगा। जाट सेवक संघ के प्रधान श्री राजेश बड़ाला ने कहा कि यह परीक्षा जाट समाज के होनहार एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पहचान देने का एक सशक्त माध्यम है। हमारी कोशिश है कि समाज का कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।

**प्रतियोगिता बच्चों को शिक्षा की ओर करती प्रेरित**

महासचिव जोगिन्द्र पातड़ ने कहा कि जाट सेवक संघ शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक प्रयास कर रहा है। कुरुक्षेत्र में इस प्रतियोगिता का आयोजन धन्ना भगत जाट एजूकेशन सोसायटी में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता के आयोजन पर अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के सपनों को पूरा करने का अवसर मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में सर्व समाज के सहयोग करने के लिए अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला हमेशा तत्पर है। विद्यार्थियों का उत्साह देखकर हमें और अधिक ऊर्जा मिलती है कि आने वाले वर्षों में इस प्रतियोगिता को और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाए। संघ ने परीक्षा के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों, पर्यवेक्षकों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। यह प्रतिभा खोज प्रतियोगिता जाट समाज के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# वाजपेयी संवेदनशील कवि और सच्चे अर्थों में थे राष्ट्रपुरुष : जय भगवान

**गांव जलबेड़ा में अटल स्मृति वर्ष का भव्य आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



विधानसभा पिहोवा के गांव जलबेड़ा स्थित सामुदायिक केंद्र में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती एवं उनकी जन्म शताब्दी वर्ष बड़े हर्ष, उल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने उपस्थित कार्यकतार्ओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सभी विधानसभाओं में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें वक्ता अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान व उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और सच्चे अर्थों में राष्ट्रपुरुष थे।

**ये रहे मौजूद**

*प्रोग्राम में मुख्य रूप से कर्णराज तूर चेयरमैन, आशीष चकरपानी चेयरमैन नगरपालिका पिहोवा, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा मनदीप सिह विर्क, जिला प्रधान किसान मोर्चा भाजपा जगदीप सांगवान, जिला महामंत्री किसान मोर्चा देवेंद्र राणा, जिला सचिव भाजपा साधुराम सैनी, किसान मोर्चा व जलभेडा गांव के सरपंच राजेश शर्मा, विनोद पाल,जे.पी मेहला सरपंच रामगढ़ रोड, हरविंदर सिह चेयरमैन ब्लाक समिति चेयरमैन इस्माईलाबाद, युवा मोर्चा मंडल प्रधान अमित मलिक,सतीश कुमार सरपंच मडाडो, अर्जुन मलिक, संदीप सैनी सरपंच सूरजगढ़, मनोहर सरपंच मेगामाजरा, दीपक महन्त पार्षद, बलवान सिह उर्फ़ लीला मंडल प्रधान किसान मोर्चा बाखली, कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।*

## अखिल विश्व गायत्री परिवार का प्रांतीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन आज

**कुरुक्षेत्र।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रतिनिधि तथा देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रो. वाईस चांसलर डॉ चिन्मय पंड्या 29 दिसम्बर को 'हम बदलेंगे-युग बदलेगा' विचार रूपी ज्वलंत मशाल लेकर कुरुक्षेत्र आ रहे हैं, जहां वे प्रांतीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों को संबोधित करेंगे, जिसका आयोजन गायत्री परिवार हरियाणा द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम्, केडीबी रोड कुरुक्षेत्र में किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए बलभद्र कुमार कौशिक ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आगामी वर्ष 2026 माता भगवती देवी शर्मा के जन्म के 100 वर्ष, अखंड दीप प्रज्ज्वलन के 100 वर्ष और शांतिकुंज के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा की तप साधना के 100 वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने इसी अखंड दीप के समक्ष अपने 24 गायत्री महापुरुश्चरण पूर्ण किये थे।



## महंत दीपक बने भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

**पिहोवा।** भाजपा की ओर से नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 से पार्षद महंत दीपक प्रकाश को भाजपा किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी नेता जय भगवान शर्मा डीडी की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप विर्क, जिलाध्यक्ष जगदीप सांगवान, चेयरमैन व किसान मोर्चा प्रवक्ता करणराज तूर आदि किसान मोर्चा की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें महंत दीपक प्रकाश को किसान मोर्चा का पिहोवा मंडल अध्यक्ष, अर्जुन मलिक सारसा को सारसा मंडल का अध्यक्ष, बलवान सिंह बोधनी को बाखली मंडल और राजेश सरपंच जलबेहड़ा को इस्माईलाबाद किसान मोर्चा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि युवा टीम के शामिल होने से पार्टी को गति मिलेगी। महंत दीपक प्रकाश ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि सरकार द्वारा किसानों के लिए लाई जा रही योजना को उन तक पहुंचाकर सरकार व किसानों के बीच कड़ी का काम करें।

# सत्संग के दौरान भक्ति और श्रद्धा का उमड़ा सागर

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में कार्यक्रम, स्वामी योगेशानंद ने सत्संग की दिव्य शक्ति पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** सत्संग का श्रवण करती संगत।

सत्संग का शुभारंभ शबद-भजन एवं प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने प्रभु से सांसारिक सुखों के स्थान पर भक्ति, शक्ति और सद्बुद्धि की कामना की। भावपूर्ण भजनों ने उपस्थित जनसमूह के मन को भिगो दिया और आत्मिक शांति का अनुभव कराया। सत्संग के दौरान आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी योगेशानंद ने कहा कि सत्संग में ऐसी दिव्य शक्ति निहित होती है, जो मनुष्य के विश्वास को कभी कमजोर नहीं होने देती। पूरे सत्संग का मूल संदेश यही रहा कि जब दृष्टि और विश्वास प्रभु पर केंद्रित रहते हैं, तब जीवन की कठिन परिस्थितियाँ भी साधना का माध्यम बन जाती हैं। इस अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया।

**महापुरुषों ने ईश्वर प्राप्ति को अपना लक्ष्य बनाया**

*बताया गया कि गुरु के प्रति अटूट विश्वास बनाए रखने के लिए शिष्य स्वयं को पूर्ण समर्पण के साथ साधना और सेवा में झोंक देता है। स्वामी विवेकानंद, मीराबाई और बुल्ले शाह के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि किस प्रकार इन महापुरुषों ने अपना संपूर्ण जीवन सेवा, भक्ति और मानव कल्याण को समर्पित कर दिया और सांसारिक मोह से ऊपर उठकर ईश्वर प्राप्ति को अपना लक्ष्य बनाया। स्वामीजी ने कहा कि निस्वार्थ सेवा ही सच्ची भक्ति है, क्योंकि सेवा से ही व्यक्ति के भीतर करुणा, विनम्रता और आत्मिक संतुलन का विकास होता है।*



**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस भवन में स्थापना दिवस मनाते हुए जिला अध्यक्ष मेवा सिंह एवं कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता।

## धूमधाम से मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

**कुरुक्षेत्र।** जिला कांग्रेस भवन में कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकतार्ओं के साथ कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।पार्टी का झंडा फहराकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी ने एकजुट होकर लोकतंत्र, संविधान ओर देश की एकता के लिए संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि देश के विकास में कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसकी बदौलत देश में सुई से लेकर जहाज बन रहे है और हम सभी को कांग्रेस का कार्यकर्ता होने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने तक ऐतिहासिक भूमिका निभाई। आज भी कांग्रेस आम जनता की आवाज बनकर उनके हक की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर ओर युवा की लड़ाई लड़ी है हम सत्ता के लिए नहीं बल्कि जनता के हक के लिए राजनीति के करते है। इस अवसर पर शाहाबाद विधायक रामकरण काला एवं युवा नेता हिमांशु अरोड़ा ने भी अपना संबोधित किया।

# महाराणा प्रताप स्कूल में भौतिकी शिक्षकों की कार्यशाला संपन्न

- 80 उत्कृष्ट शिक्षकों ने भौतिकी कार्यशाला में लिया भाग
- नई शिक्षा नीति 2020 और सीबीएसई पाठ्यक्रम पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** कार्यशाल में मौजूद शिक्षकगण।

महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र ने 80 उत्कृष्ट शिक्षकों के लिए एक अत्यधिक सफल दो-दिवसीय भौतिकी सीनियर सेकेंडरी कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को उनके कौशल में सुधार करने और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करना था। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसके बाद वेन्यू डायरेक्टर भारत भूषण ने सभी का स्वागत किया। कार्यशाला में पीकेआर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंबाला सिटी के पारुल शर्मा और गुरुकुल विश्वभारती, रोहतक के अभिलाष शर्मा ने कार्यशाला का संचालन किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 और नवीनतम सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ योजना तैयार करने पर चर्चा की। विषय विशेषज्ञों ने नवीनतम सैंपल पेपर और प्रश्न पत्र (2025-26) पर चर्चा की और भौतिकी को रचनात्मक तरीके से पढ़ाने के लिए नवाचार तरीके साझा किए। एम.पी.पी.एस. परिवार ने विषयविशेषज्ञोंको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वेन्यू डायरेक्टर भारत भूषण ने रचनात्मक शिक्षण वातावरण बनाने के लिए विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया।

## गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला मासिक प्रबोधन वर्ग आयोजित किया

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संचालित अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला मासिक प्रबोधन वर्ग आयोजित किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के रजिस्ट्रार डॉ वीरेंद्र पाल, हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, जिला समिति के संयोजक राजेश गोयल, समिति के सदस्य, जिला विद्यालयों की प्रबंध समिति, प्रधानाचार्य तथा विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर के किया गया। कार्यक्रम का संचालन निर्मल गुप्ता ने किया। वंदना के पश्चात स्वागत व परिचय जिला संयोजक राजेश गोयल ने करवाया। प्रांत शिशु वाटिका प्रमुख सोमदत्त शर्मा ने गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए उन बाल वीरों पर एक प्रश्नोत्तरी की जिसके सभी ने उत्साह के साथ उत्तर दिए। जीवन मुदगिल ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय अंग्रेजी विषय को अधिक महत्व न देकर हिंदी विषय पर अधिक महत्व देते हैं जिसके कारण कहीं ना कहीं पिछड़ जाते हैं इसी को ध्यान में रखते हुए विद्याभारती ने अंग्रेजी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक बलवीर शर्मा ने एकल गीत के माध्यम से चार साहिब जादों की शहादत को याद किया। हिंदू शिक्षा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा ने कहा कि हम अंग्रेजी विषय के विरोधी नहीं हैं हमें सभी भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए। हम अंग्रेजी का नहीं; अंग्रेजीयत का विरोध करते हैं। विद्यालय की प्राचार्या सुमन बाला ने विद्यालय का लघु वृत्त प्रस्तुत किया।



# जीवन को सफल करने के लिए चरित्र निर्माण करना महत्वपूर्ण

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजराना में योग युक्त और नशा मुक्त विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



**थानेसर।** नशा न करने की शपथ लेते विद्यार्थी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजराना में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत योग युक्त और नशा मुक्त विषय पर व्याख्यान हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कौशिक की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक राम निवास ने कार्यक्रम का संचालन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कौशिक ने अतिथि सत्कार पुष्प माला से किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि जीवन को सफल करने के लिए चरित्र निर्माण करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने चरित्र निर्माण पर बल देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ा परिश्रम और अनुशासन अति आवश्यक है। उन्होंने कहा जीवन में आगे बढ़ने के लिए ईर्ष्या को छोड़कर स्वस्थ स्पर्धा का चयन महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राम निवास ने धन्यवाद प्रकट किया और स्वयंसेवकों को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने की प्रेरणा दी।



## ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के जोगिंदर सिंह बने प्रदेश महासचिव

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की मासिक बैठक रविवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पत्रकार साथियों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक का आयोजन सेक्टर-17 स्थित संघ के प्रांतीय कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश के मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक ने की, जबकि प्रदेश संरक्षक सुशील शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश इकाई में महासचिव पद पर जोगिंदर सिंह को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। राजकुमार कौशिक को जिला संगठन सचिव, सतनाम सिंह चट्ठा को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सत्यनारायण गुप्ता को पिहोवा ब्लॉक प्रधान बनाया गया। इस मौके पर स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य तथा जिला कुरुक्षेत्र इकाई के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। बैठक में संगठन की गतिविधियों के विस्तार और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक और प्रदेश संरक्षक सुशील शर्मा ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**कार्यक्रम** | राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

# छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है एनएसएस : कंवलजीत कौर

**विद्यार्थियों ने शब्द, कविता और गीत के माध्यम मे चार साहिबजादों के बलिदान का महत्व बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा में एनएसएस 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस 7 दिवसीय एनएसएस कार्यक्रम का जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने दीप प्रज्वलित करके विधिवत रूप से शुभारंभ किया। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर गत दिवस राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन करने उपरांत छात्राओं को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने दीप शिखा प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




**पिहोवा।** जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर को स्मृति चिहन भेंट करते आयोजक।

**अतिर्थियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया**

कंवलजीत कौर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सामुदायिक सेवा के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्हें सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करता है, नेतृत्व क्षमता विकसित करता है और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है, जिससे वे जिम्मेदार नागरिक बनते हैं, सहानुभूति सीखते हैं और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाते है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिव्या रानी द्वारा एनएसएस के लक्ष्यों, इसके लाभ को कार्यक्रम में उपस्थित मेहमानों व छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राएं किस प्रकार अपने जीवन में अनुशासन, सेवा भावना को सम्माहित कर सकती है, जो उन्हें आने वाले उनके समय में बहुत लाभदायक सिद्ध होंगे। विद्यालय प्राचार्य बलवीर कौशिक द्वारा आए हुए अतिथियों का फूल माला और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मोहन थाना द्वारा शिविर के बेहतर तरीके से संचालन के लिए विद्यालय स्टाफ और छात्राओं की प्रशंसा की गई व उन्हें जीवन में सही रास्ते पर चलते हुए उन्नति करने का महत्व बताया गया। छात्राओं द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर शब्द, कविता और गीत के माध्यम मे चार साहिबजादों और उनके द्वारा दिए गए बलिदान का महत्व बताया गया। इस अवसर पर विश्वबंधु कौशिक, कविता गनी, मीनू बंसल, राजविंदर कौर, क्षितिज शर्मा, संजीव जिंदल और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी सुखविंद्र सिंह उर्फ बंटी व प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है। शिकायतकर्ता साहिल कुमार ने 6 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2023 से 3 अगस्त 2025 के दौरान आरोपी प्रिंस व अन्य ने उसको विदेश भेजने के मामले में उससे 60 लाख रूपये हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है।

## तस्करी में दूसरा आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना पडाव मे दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी अरविंद उर्फ मटरू को 18 ग्राम हेरोइन के मामले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी कमल कुमार ने दौराने पूछताछ बताया था कि अरविंद उर्फ मटरू भी इस मामलें में संलिप्त है। सीआईए-2 के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने प्रताप फैक्टरी के पास नाकाबंद कर कार में सवार आरोपी को काबू किया था। विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 18 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान कमल कुमार के रूप में हुई थी।

## धमकी देने के मामले में युवक दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव उर्फ गौरी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी अंकित उर्फ लट्टू व तिलक राम ने बताया था कि गौरव उर्फ गौरी भी इस मामले में संलिप्त है। इंद्रपुरी कॉलोनी के अंकित ने 15 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 दिसंबर 2025 को आरोपी अंकित उर्फ लट्टू व अन्य ने उससे तथा उसके दोस्त से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पटेल नगर के परमिंद्र कुमार ने 12 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 दिसंबर 2025 को आरोपी ने नाहन हाउस काजीवाडा अंबाला शहर में लगे मोबाइल टावर से कॉपर तार चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल, साहिल व रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। काठगढ़ के संदीप कुमार ने 27 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने गांव काठगढ के शिव मंदिर के दान-पात्र से नकदी चोरी कर ली है।

# कड़ाके की ठंड, घने कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

### अगले तीन दिन तक भीषण ठंड पड़ने के आसार, कई जगह दृश्यता शून्य रही


अंबाला। घने कोहरे की वजह से सड़क पर दृश्यता की स्थिति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। ठंड के साथ कोहरे का तांडव देखने को मिल रहा है। रविवार सुबह जिला घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया। आलम यह रहा कि दृश्यता घटकर 10 मीटर से भी कम रह गई, जिससे सड़कों पर वाहनों के पहिए थम गए। दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे समेत अन्य प्रमुख मार्गों पर वाहनों की रफ्तार पर पूरी तरह से ब्रेक लग गया है। सुबह से ही कोहरा इतना घना था कि चंद दूरी पर खड़ा व्यक्ति भी दिखाई नहीं दे रहा था। हाईवे पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दृश्यता शून्य के करीब पहुंचने के कारण वाहन चालक दिन में भी हेडलाइट और इंडिकेटर जलाकर रेंगते हुए आगे बढ़ने को मजबूर दिखे। कोहरे के कारण लंबी दूरी की बसें और ट्रक निर्धारित समय से घंटों की देरी से चल रहे हैं। कोहरे के साथ-साथ चल रही शीतलहर ने जिले में ठिठुरन बढ़ा दी है। तापमान में आई गिरावट के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार को अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 30 दिसंबर तक घना कोहरा छाने के साथ ही शीतलहर चलने की संभावना जताई है। घने कोहरे का असर बसों और ट्रेनों के संचालन पर भी दिखा।

### हरियाणा में मौसम रहेगा परिवर्तनशील

बस और ट्रेन अपने निर्धारित समय से लेट चल रही हैं। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि हरियाणा राज्य में 31 दिसंबर तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील संभावित है। इस दौरान एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बीच-बीच में आंशिक बादलवाई रहने के आसार हैं। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान नमी बढ़ने से ज्यादातर क्षेत्रों में पर अलसुबह व देर रात्रि धुंध भी रह सकती है।

## शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बेहद जरूरी

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत प्रातःकाल "वंदे मातरम्" और लक्ष्य गीत 'उठे समाज के लिए उठे' के सामूहिक गायन से की गई। इसके उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने योग व व्यायाम कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिन की सकारात्मक शुरुआत की। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने सभी स्वयंसेवकों के साथ दिनभर आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शिविर के उद्देश्यों को बताते हुए स्वयंसेवकों को अनुशासन, सेवा और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण के किचन एरिया तथा एनएसएस पार्क में श्रमदान कर स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया। श्रमदान के पश्चात कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार द्वारा जैविक (ऑर्गेनिक) खेती विषय पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि जैविक खेती में रासायनिक खाद, कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवाओं का प्रयोग नहीं किया जाता, बल्कि प्राकृतिक तरीकों से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए फसल उत्पादन किया जाता है। उन्होंने इसके लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे मिट्टी की संरचना में सुधार होता है, स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन प्राप्त होता है, पर्यावरण प्रदूषण में कमी आती है तथा यह लंबे समय तक टिकाऊ खेती का माध्यम है। इसके उपरांत मीनाक्षी शर्मा (एबीआरसी) ने स्वयंसेवकों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों की रुचि, योग्यता, क्षमता और लक्ष्य के अनुसार सही करियर चयन के महत्व पर बल दिया। शिविर के तीसरे दिन का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# एनएचएआई की लापरवाही, 10 फीट गड्ढे में गिरी कार, बाल-बाल बचा चालक

- धुंध में दिखाई नहीं दिया गहरा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव दहिया माजरा के पास बीते दिवस सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब घने कोहरे के कारण रोड़ किनारे बने गहरे गड्ढे में एक कार जा गिरी। यह हादसा बेहद गंभीर था, लेकिन गनीमत रही कि कार चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। चालक की पहचान गांव फतेहपुर जिला यमुनानगर के शिव कुमार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि शिवकुमार अपनी कार संख्या


बराड़ा। सड़क किनारे गड्ढे में गिरी कार।

एचआर 02 एडी 8824 में सवार होकर गांव दहिया माजरा में अपने किसी जानकार से मिलने के लिए आ रहा था। जैसे ही वह सुबह 8 बजे के करीब गांव दहिया माजरा के पास पहुंचा तो धुंध के कारण उसको सड़क किनारे एनएचएआई द्वारा खोदा गया गड्ढा नजर नहीं आया और उसकी कार सीधे इस 10 फीट के गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक को बाहर निकालने में मदद की। शिव कुमार का कहना था कि कुछ दिन पहले वह इस रास्ते से आया था, तब यह रास्ता चल रहा था लेकिन अचानक यहां पर गहरा गड्ढा खोद दिया गया और यहां पर कोई भी चेतावनी या अन्य संकेतक नहीं लगाया ताकि राहगीरों को इसकी जानकारी मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस रोड़ को बनाने वाली एजेंसी और संबंधित ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अंबाला–शामली मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है।

## गुरु तेगबहादुर जी की शहादत से मिली खुली हवा में सांस लेने की आजादी

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित हुआ सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

रविवार को दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी हेमसुदा भारती ने साध संगत को अपने आध्यात्मिक विचारों से कृतार्थ किया। उन्होंने ने बताया कि अगर गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने देश कौम की रक्षा के लिए अपना सरबंस न वारते तो आज क्या हालात होते। इसको बयान नहीं किया जा सकता। गुरू साहिब की बख्शीशों के कारण ही हम खुली हवा में सांस ले रहे है।

### सिमरन से होते हैं सभी कार्य

हेमसुदा भारती ने कहा कि परमात्मा के नाम सिमरन करने से जहां दुखों, कष्टों का नाश होता हैं वहीं नाम सिमरन से सब कार्य संपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह को सर बंस दानी कहा जाता है। शासकों द्वारा आम लोगों पर किए जाने वाले अत्याचार और शोषण के खिलाफ लड़ाई में उन्होंने अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। अपने पिता,मां और अपने चारों बेटों को उन्होंने खालसा के नाम पर कुर्बान कर दिया। उन्होंने साध संगत को प्रवचनों में बताया कि हमें जो मनुष्य जीवन मिला है हमें इस जीवन में अकाल पुरख के नाम के साथ जुड़ना चाहिए क्योंकि मनुष्य जीवन बार बार नहीं मिलता। हमें अच्छे कर्म करने चाहिए।

## छोटे साहिबजादों की की याद में लगे लंगर

**बराड़ा।** छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में क्षेत्र भर में श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सिख इतिहास के अमर शहीदों को नमन करते हुए क्षेत्र में गुरुद्वारों, चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर लंगर का आयोजन किया गया , जहां सुबह से देर शाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों और जरूरतमंदों ने लंगर ग्रहण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां के सिंहपुरा मोहल्ला के युवाओं गुरमीत सिंह, सोनू, मन्नी, परगट सिंह, परमजीत सिंह पम्मा, बलकार सिंह, डीपी चावला, सेठी सहित अनेक समाजसेवियों ने अधोया-बराड़ा मार्ग पर कढ़ी- चावल का लंगर लगाया, जिसमें राहगीरों को रोक- रोक कर लंगर वितरित किया गया।

### विज बोले 130 फैक्ट्रियां व हजारों परिवारों का रोजगार होगा सुरक्षित

# बाढ़ से बचाव के लिए इंडस्ट्रियल एरिया में 2 किमी. लंबी आरसीसी चारदीवारी को हरी झंडी

*हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में परियोजना को हरी झंडी दी गई, चारदीवारी निर्माण पर कुल 10.76 करोड़ रुपये की लागत आएगी, हरियाणा राज्य औद्योगिकी एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम द्वारा टेंडर पहले ही किए जा चुके हैं।*

- तैयार होगी 10 फुट ऊंची सुरक्षा दीवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल एरिया) को बाढ़ से सुरक्षा हेतु कंकरीट चार दीवारी निर्माण की हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में अंतिम मंजूरी मिल गई है। 10.76 करोड़ रुपए की लागत से औद्योगिक क्षेत्र में चार दीवारी का निर्माण होगा। मंत्री अनिल विज ने बताया कि अब बहुत जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा ताकि बारिशों से पहले इंडस्ट्रियल एरिया को सुरक्षित बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया के चारों ओर कंकरीट की दीवार 10.76 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाएगी जिसके टेंडर हरियाणा राज्य औद्योगिकी एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) द्वारा पहले ही किए जा चुके हैं। इंडस्ट्रियल एरिया को बाढ़ के पानी से बचाव के लिए कुल दो किलोमीटर लंबी आरसीसी की चार दिवारी बनेगी। दीवार का लेवल जमीन से लगभग दस फुट (तीन मीटर) होगा।

इससे खासकर बारिशों के समय इंडस्ट्रियल एरिया को पानी से सुरक्षा मिलेगी। गौरतलब है कि विज के अथह प्रयासों से इंडस्ट्रियल एरिया की चार दीवारी के निर्माण कार्य को मंजूरी मिली थी। इसके टेंडर भी पूर्व चुके हैं। अब दीवार बनाने की फाइनल मंजूरी मिलने पर बहुत जल्द ही एजेंसी को वर्क अलॉट कर निर्माण कार्य भी प्रारंभ होगा। इस दिवार का डिजाइन आईआईटी रुड़की द्वारा तैयार किया गया है।


अंबाला। इंडस्ट्रियल एरिया का दृश्य।

### 130 यूनिटों में हजारों कामगर कार्यरत

इंडस्ट्रियल एरिया अंबाला छावनी में कुल 130 बड़ी-छोटी इंडस्ट्रीज हैं जिनमें मुख्यतः साइंटिफिकट इंस्ट्रूमेंट इंडस्ट्री है। यहां पर हजारों कामगर काम करते हैं जिनके घर की रोजी-रोटी इंडस्ट्रियल एरिया पर निर्भर है। यहां कोई समस्या आती है तो उसका असर हजारों परिवारों पर पड़ता है। 2023 और वर्ष 2025 में इंडस्ट्रियल एरिया में बाढ़ का पानी आ गया था। टांगरी नदी से आए पानी की वजह से इंडस्ट्रियल एरिया में काफी नुकसान हुआ था। भविष्य में यहां बाढ़ से नुक्सान न हो इसी लिए मंत्री अनिल विज ने इंडस्ट्री एरिया की चारदीवारी करने के निर्देश दिए थे जिसके लिए फंड को पूर्व में मंजूरी मिली थी और टेंडर हुए थे। अब निर्माण कार्य प्रारंभ करने की अंतिम मंजूरी मिलने पर यहां पानी से सुरक्षा होगा।

- ▶▶ बारिश के मौसम में बाढ़ के पानी से औद्योगिक क्षेत्र को सुरक्षा मिलेगी।
- ▶▶ फाइनल मंजूरी के बाद एजेंसी को कार्य आवंटित कर निर्माण शुरू होगा।
- ▶▶ चारदीवारी का डिजाइन आईआईटी रुड़की द्वारा तैयार किया गया है।

# कांग्रेस एक दल नहीं बल्कि विचार व आंदोलन का नाम

- कांग्रेस पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं के त्याग,तपस्या, समर्पण और शहादत का एक लंबा इतिहास : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय साहा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुलाना विधायक पूजा व नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी ने मुख्य रूप से शिरकत कर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लड्डू बांट कर कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी। विधायक ने कांग्रेस पार्टी के इतिहास पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की


मुलाना। कांग्रेस के स्थापना दिवस पर एकजुट नेता व कार्यकर्ता।

स्थापना 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में हुई थी। श्री डब्ल्यू.सी.बनर्जी कांग्रेस के पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में देश में सामाजिक सद्भाव का नया वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक दल ही नहीं बल्कि एक विचार और आंदोलन का नाम है, इसलिए सैकड़ों साल बाद भी इस विचार की यात्रा अनवरत जारी है। इस पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या, बलिदान, समर्पण और शहादत का एक लंबा इतिहास रहा है, जिससे न केवल देश को आजादी मिली, बल्कि लोकतांत्रिक जनचेतना भी मजबूत हुई। यह दिन हम सभी कांग्रेसियों के लिए खास है।

### जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश के युवा

विधायक ने कहा कि कांग्रेस का धवल इतिहास इस बात की साक्षी है कि कांग्रेस ने देशद्रोही ताकतों के समक्ष कभी घुटने नहीं टेके और देश हित में अपने अनेक नेताओं को गंवा दिए। कुछ आजादी के संघर्ष में और कुछ आजादी के बाद देश में सुशासन स्थापित करने के फेर में। एक बात और, धर्मनिरपेक्षता के प्रबल पैरोकार महात्मा गांधी की शहादत इस बात का परिचायक है कि सामाजिक भाईचारा और साम्प्रदायिक सद्भाव की हिफाजत के लिए कांग्रेस नेताओं ने गुलाम भारत ही नहीं, बल्कि आजाद भारत में भी उल्लेखनीय कुर्बानियां दी।

# कांग्रेस देश की सबसे पुरानी लोकतांत्रिक पार्टी

- पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला शहर द्वारा कांग्रेस भवन में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा कांग्रेस कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर किया गया।

इसके उपरांत प्रातः 11 बजे केक काटकर कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला


अंबाला। कांग्रेस के स्थापना दिवस पर केक काटते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता।

कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष के साथ-साथ सभी वरिष्ठ नेता, निगम सदस्य, वार्ड प्रधान, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी की विचारधारा, लोकतंत्र की रक्षा, संविधान एवं सामाजिक न्याय के प्रति कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी और मजबूत लोकतांत्रिक पार्टी है, जिसने आज़ादी की लड़ाई से लेकर आज तक संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक समरसता और आमजन के अधिकारों की रक्षा का कार्य किया है। स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करेंगे।

## तीन व पांच किलोमीटर रेस में महिलाओं ने दिखाया दम

**अंबाला।** महिलाओं के सशक्तिकरण, फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "अंबाला वुमेंस रन" का भव्य एवं सफल आयोजन अंबाला शहर के सेक्टर 10 स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन फीमेल जिम 'फिटनेस फ्लेयर' की संस्थापक रिधिमा बक्शी तथा अंबाला मॉमप्रेन्योर्स कम्यूनिटी की संस्थापक साक्षी अरोड़ा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन, महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ, आत्मनिर्भर और जागरूक महिलाएं ही सशक्त समाज की आधारशिला होती हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को महिलाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने वाला बताया। इस रन में 70 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में 3 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की श्रेणियां रखी गई थीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### पुलिस डीएवी स्कूल की नर्सरी विंग के छात्रों ने मचाया धमाल

# हरियाणवी व पंजाबी डांस पर नन्हे बच्चों ने मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में नर्सरी विंग के बच्चों द्वारा बेबी शो का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी गान के साथ किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चे हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वो हमारी अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। बच्चों का उम्र के अनुसार विकास बहुत जरूरी है। जिसमें उनके फिजिकल एक्टिविटी का रोल महत्वपूर्ण होता है। इसलिए हमारे विद्यालय में बच्चों को हर प्रकार की फिजिकल एक्टिविटी करवाई जाती है। सही मार्गदर्शन बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उदेश्य बच्चो का सर्वांगीण विकास करना है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ता है। उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल में वैदिक मूल्यों से भरपूर माहौल में बच्चो का विकास होता है।उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई सभी प्रस्तुतियों की प्रशंसा की ।






### बच्चों ने प्रस्तुतियों से मोहा मन

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डीएम डॉ. रजत जैन थे ।उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि बचपन ही एक ऐसा समय है जब आप अपने बच्चों के साथ अपना पूरा समय बिता सकते है। बड़े होने पर बच्चे अपने भविष्य को बनाने की दौड़ में लग जाते है और माता-पिता से दूर होने लग जाते हैं। माता-पिता को अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। नर्सरी के नन्हे-नन्हे बच्चों ने बचपन में जो मस्तियां एक छोटा बच्चा करता है उसको दिखाते हुए अलग-अलग गीतों पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी, जिसने सब का मन मोह लिया। नर्सरी के बच्चों ने अलग-अलग वेशभूषा में मॉडलिंग करके अपना जलवा दिखाया जिसे देखकर अभिभावक अति प्रसन्न हुए। बच्चों ने हरियाणवी डांस से माहौल को और ज्यादा उत्साहित और जोश से भर दिया। छोटे-छोटे बच्चे हरियाणवी ड्रेस में बहुत सुंदर लग रहे थे। बच्चों ने अलग-अलग इंग्लिश सोंग्स पर सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी, जिसे सभी ने सराहा और जिसे देखकर अभिभावक प्रफुल्लित हो गए। बच्चों ने स्केटिंग के माध्यम से चार्ली चैपलिन की तरह जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करना चाहिए ,यह स्कैटिंग के अलग-अलग स्टंट के माध्यम से बहुत ही सुंदर तरीके से दर्शाया ।